प्रिलिम्स फैक्ट: 12 जून, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-12-june-2021

ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स: EIU

Global Liveability Index: EIU

हाल ही में **ऑकलैंड (न्यूज़ीलैंड)** ने **इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)** द्वारा जारी विश्व के 140 शहरों के **ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स** (**Global Liveability Index**) में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु:

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के संदर्भ में:

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के अंतर्गत किसी विशेष देश को पाँच श्रेणियों यथा- स्थायित्व (25%), संस्कृति एवं पर्यावरण (25%), स्वास्थ्य देखभाल (20%), शिक्षा (10%), आधारभूत अवसंरचना (20%) के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है।
- **महामारी** के कारण EIU ने इस वर्ष कुछ नए संकेतक जैसे स्वास्थ्य संबंधी संसाधनों पर तनाव के साथ-साथ स्थानीय खेल आयोजनों, थिएटरों, संगीत समारोहों, रेस्तराँ और स्कूलों पर प्रतिबंध आदि को जोड़ा है।
- किसी शहर में प्रमुख कारकों को स्वीकार्य (Acceptable), सहन करने योग्य (Tolerable), असुविधाजनक (Uncomfortable), अवांछनीय (Undesirable) या असहनीय (Untolerable) के रूप में मूल्यांकित किया जाता है।

सामान्य परिदृश्य:

- कुल मिलाकर, कोविड -19 महामारी के कारण शहरों में **लिवेबिलिटी** की क्षमता में गिरावट दर्ज की गई है क्योंकि शहरों ने लॉकडाउन और उनकी स्वास्थ्य प्रणाली पर महत्त्वपूर्ण तनावों का सामना किया है। इससे रैंकिंग में एक अभूतपूर्व स्तर का बदलाव आया।
  - **ऑस्ट्रिया का वियना वर्ष 2018 और 2019 दोनों में शीर्ष** पर रहने के बावजूद COVID-19 से काफी अधिक प्रभावित होने के कारण शीर्ष 10 से पूरी तरह से बाहर हो गया है और **इस वर्ष 12वें स्थान पर** है।
- ऑकलैंड कोविड-19 महामारी को रोकने में अपने सफल दृष्टिकोण के कारण रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँच गया, जिसने अपने यहाँ लॉकडाउन की स्थिति नहीं बनने दी और शहर को शिक्षा, संस्कृति तथा पर्यावरण सहित कई आधारों पर मज़बूती से स्कोर करने के लिये सक्षम बनाया।
- दमिश्क विश्व का सबसे कम रहने योग्य शहर बना हुआ है क्योंकि सीरिया में गृहयुद्ध का प्रभाव लगातार बना हुआ है।

- एशिया-प्रशांत (APAC) क्षेत्र में **ढाका (बांग्लादेश) और कराची (पाकिस्तान)** सहित, जो पिछली रैंकिंग में दस सबसे कम रहने योग्य शहर थे इस वर्ष निचले दस स्थानों पर बने हुए हैं।
- हालाँकि रैंकिंग के शीर्ष पर APAC क्षेत्र में **ओसाका, एडिलेड, टोक्यो और वेलिंगटन** जैसे **शहर शीर्ष पाँच में** शामिल हैं।

  न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और जापान के अलावा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य शहरों जैसे-**ताइपे (ताइवान-**33वाँ) और **सिंगापुर (34वाँ)** ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है।
- **शीर्ष 3 रहने योग्य शहर:**

  ऑकलैंड (न्यूज़ीलैंड), ओसाका (जापान), एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)।
- **निचले स्तर के 3 रहने योग्य शहर:**

  दमिश्क (सीरिया), लागोस (नाइजीरिया), पोर्ट मोरेस्बी (पापुआ न्यू गिनी)।

पद्म पुरस्कार

Padma Awards

गणतंत्र दिवस वर्ष 2022 के अवसर पर घोषित किये जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिये ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें जारी की गई हैं।

वर्ष **2021 में कुल 119 पद्म पुरस्कार** प्रदान किये गए थे जिनमें 7 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 102 पद्मश्री शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

पृष्ठभूमि:

- भारत में पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर की जाती है।
- वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।

उद्देश्य:

यह पुरस्कार उन सभी क्षेत्रों की गतिविधियों या विषयों में उपलब्धियों को सम्मानित करने का प्रयास करता है, जिसमें सार्वजनिक सेवा का भाव शामिल होता है।

श्रेणियाँ:

- ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
    - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
    - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा के लिये)
    - पद्मश्री (किसी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिये)
- पद्म विभूषण, पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में सर्वोच्च सम्मान है और इसके बाद 'पद्म भूषण' और 'पद्मश्री' आते हैं।

विषय/कार्यक्षेत्र:

ये पुरस्कार **विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों** जैसे- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार तथा उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि में दिये जाते हैं।

योग्यता:

जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेद के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं।

चयन प्रक्रिया:

- **पद्म पुरस्कार समिति:**
  इन पुरस्कारों को पद्म पुरस्कार समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किया जाता है, इस समिति को हर वर्ष भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा गठित किया जाता है।
- **राष्ट्रपति द्वारा वितरण:**
  ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक वर्ष मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किये जाते हैं।

भारत रत्न

- भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह मानव सेवा के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा/सर्वोच्च प्रदर्शन के लिये प्रदान किया जाता है।
- इसे पद्म पुरस्कार से अलग स्तर पर माना जाता है। भारत रत्न के लिये सिफारिश प्रधानमंत्री द्वारा भारत के राष्ट्रपति को की जाती है।
- भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या किसी एक वर्ष में अधिकतम तीन तक ही सीमित है।

विरासत वृक्ष

Heritage Trees

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने शहरी क्षेत्रों में 50 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष की संज्ञा देकर उनकी रक्षा और संरक्षण के लिये एक कार्य योजना पारित की है।

प्रमुख बिंदु

विरासत वृक्ष की अवधारणा:

- एक वृक्ष को "विरासत वृक्ष" के रूप में मानने के लिये कुछ महत्वपूर्ण मानदंड हैं, जैसे- माप, आकार, दुर्लभता, सौंदर्य/ऐतिहासिक मूल्य, ऐतिहासिक व्यक्ति, स्थान या यहाँ तक कि मिथकों के साथ संबंध।

- इसके लिये एक निश्चित प्रजाति के लिये किसी क्षेत्र के मूल प्रजाति होने की आवश्यकता नहीं है।

योजना के घटक:

- योजना में शामिल प्रावधान विरासत वृक्ष की अवधारणा और संरक्षण के लिये कार्य योजना, वृक्ष की आयु को परिभाषित करने की विधि, वृक्षों को काटने से पहले पालन किये जाने वाले नियम आदि हैं।
- **प्रतिपूरक वनीकरण**:
    - इसमें काटे जाने वाले वृक्षों की उम्र के बराबर वृक्ष लगाना शामिल होगा।
    - पौधे को रोपते समय वे छह से आठ फीट ऊँचे होने चाहिये और सात वर्ष की देखभाल अवधि के साथ उन्हें **जियो-टैगिंग** से गुज़रना होगा।
    - प्रतिपूरक वनीकरण (Monetary Compensation) के स्थान पर आर्थिक क्षतिपूर्ति का विकल्प भी दिया गया है।
- **राज्य स्तरीय वृक्ष प्राधिकरण:** विरासत वृक्षों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिये प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।
    - **वृक्ष जनगणना:** यह सुनिश्चित करेगा कि हर वर्ष के बाद वृक्षों की गणना की जाए।
    - **भूमि उपयोग:** यह सुनिश्चित करना कि 33% सरकारी भूमि का उपयोग वृक्षारोपण के लिये किया जाए।